# कार्यालय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।

क्रमांकः दिनांकः–

–:कार्यवाही विवरणः–

विषय :– मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के तहत गठित प्रोजेक्ट अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 11.05.2017 (जोन दक्षिण) के कार्यवाही विवरण।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 की गाईडलाईन के अध्याय 3 में सामान्य शर्तों के बिन्दु संख्या 8(c) के द्वारा गठित स्थानीय स्तर की प्रोजेक्ट अनुमोदन समिति की बैठक जोधपुर विकास आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 11.05.2017 को सांय 12.30 बजे उनके कक्ष में आहुत की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण परिशिष्ठ अ पर संलग्न है। समिति द्वारा विचार विमर्श पश्चात् प्रकरण वार निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

| क्र. सं. | एजेण्डा संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्ताव संख्या 1 | मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 मॉडल नं. 3–ए के अन्तर्गत आवेदक मैसर्स आशापूर्णा बिल्डकॉन लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री हर्षवर्धन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015 के तहत खसरा संख्या 497/1 व 498/1 ग्राम पाल रकबा 08 बीघा के भवन मानचित्र अनुमोदन बाबत। | आवेदक मैसर्स आशापूर्णा बिल्डकॉन लिमिटेड जरिये डायरेक्टर श्री हर्षवर्धन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जनआवास योजना 2015 के तहत खसरा संख्या 497/1 व 498/1 ग्राम पाल रकबा 08 बीघा आवेदन प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण की ले–आउट प्लान अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 09.01.17 में प्रकरण को रखा जाकर स्वीकृत किया जा चुका है। प्राधिकरण के हक में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 90–क का निर्णय दिनांक 13.01.17 किया जाकर भूमि का नामान्तरण प्राधिकरण के नाम हो चुकी है।<br>प्रकरण में क्षेत्रफल 10,000/– वर्गमीटर से अधिक होने के कारण पटटा जारी करने हेतु राज्य सरकार की स्वीकृति अपेक्षित है किन्तु प्रकरण मुख्यमंत्री जनआवास योजना का होने के कारण प्रकरण एवं प्रोजेक्ट स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रकरण समिति के समक्ष विचारार्थ एंव निर्णयार्थ प्रस्तुत हुआ।<br>उक्त एजेण्डा पर समिति द्वारा विचार विमर्श कर मुख्यमंत्री जन आवास योजना की गाईडलाईन एवं समय–समय नगरीय विकास विभाग, जयपुर द्वारा जारी नियम/आदेश/सर्कुलर अनुसार प्रोजेक्ट अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया एवं गाईडलाईन के अध्याय 3 (सामान्य शर्तें) के बिन्दु संख्या 02 (d) एवं राज्य स्तरीय नोडल आफिसर हाउसिंग फॉर आल मिशन नगरीय विकास विभाग के पत्र क्रमांक प.18(36)नविवि/एनएएचपी/2014 पार्ट दिनांक 15.06.2016 के अनुसरण में 10,000 वर्गमीटर से अधिक पटटे जारी करने की शक्तियां समिति को निहित होने के कारण पटटा जारी करने का निर्णय लिया गया। पटटा जारी करने हेतु उपायुक्त (दक्षिण) को निर्देशित किया गया। प्रकरण का भवन मानचित्र बी.पी.सी की बैठक में अनुमोदन की कारवाई हेतु निदेशक आयोजना को निर्देशित किया गया। |

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(सुखराम चौधरी)
निदेशक अभियांत्रिकी
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

(अरूण पुरोहित)
सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

(मुकेश मित्तल)
निदेशक आयोजना
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

(दुर्गेश कुमार बिस्सा)
आयुक्त
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

(राजेन्द्र सिंह राठौड)
उपायुक्त दक्षिण एवं
सदस्य सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

परिशिष्ट–"अ"

प्रोजेक्ट अनुमोदन समिति की बैठक दिनांक 11.05.2017 को अपरान्ह 12.30 बजे जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में आयुक्त महोदय के कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपस्थिति निम्नवत थी:–

1. श्री दुर्गेश बिस्सा, आयुक्त, जो.वि.प्रा. जोधपुर। — अध्यक्ष
2. श्री अरूण पुरोहित, सचिव, जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य
3. श्री सुखराम चौधरी, निदेशक (अभियांत्रिकी), जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य
4. श्री मुकेश मित्तल, निदेशक (आयोजना), जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य
5. श्री राजेन्द्रसिंह राठौड, उपायुक्त (दक्षिण) जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य सचिव
6. श्री श्रवणकुमार, उपायुक्त (पूर्व) जो.वि.प्रा. जोधपुर।
7. श्री अनवर अली, उपायुक्त (पश्चिम) जो.वि.प्रा. जोधपुर।
8. श्री डी.एस ढढढा, उपायुक्त (उत्तर) जो.वि.प्रा. जोधपुर।
9. श्री राजेश बोडा (नोडल अधिकारी) सीएमजेएवाई जो.वि.प्रा. जोधपुर।
10. श्री अनुज अग्रवाल, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर।
11. श्री सैययद वसीम अख्तर, सहायक नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर।

उपायुक्त दक्षिण
एवं सदस्य सचिव,
प्रोजक्ट अनुमोदन समिति
दिनांकः– 11/5/17

क्रमांक :– 216

**प्रतिलिपी :– निम्न को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ निजी सहायक, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
4. निदेशक (आयोजना), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
5. निदेशक (अभियांत्रिकी), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
6. उपायुक्त (दक्षिण), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
7. श्री राजेश बोडा, (नोडल अधिकारी) सीएमजेएवाई जो.वि.प्रा. जोधपुर।
8. ~~एसीपी~~ श्री देवेन्द्र गेहलोत को भेजकर लेख है कि इसे जो.वि.प्रा. की बेवसाईट पर अपलोड करें।

उपायुक्त दक्षिण
एवं सदस्य सचिव,
प्रोजक्ट अनुमोदन समिति